## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी में गेहूं, चावल का किया गया वितरण

**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र मगरधा सेक्टर बिलहरी ब्लॉक रीठी एवं आंगनवाड़ी केंद्र जोबीकला सेक्टर डिटवारा जिला कटनी में 50 परिवारों को राहत राशन चावल गेहूं एवं दाल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रूपा बर्मन, राधा विश्वकर्मा, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, संगीता बर्मन, उर्मिला बैन एवं सांसद के समस्त सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

### 79 ग्राम पंचायतों में चला स्वच्छता अभियान,

**स्लीमनाबाद।** सेवा पखवाडा अभियान अंतर्गत बहोरीबंद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चला जहां जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने श्रमदान किया। एक घण्टे एक साथ श्रमदान कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायतों में सरपंचो ने समाजसेवियों व ग्रामीणों के साथ एक घण्टे एक साथ मिलकर श्रमदान किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता की थीम पर ग्राम पंचायत तेवरी मे 100 वर्ष पुराने मंदिर की साफ-सफाई कर नदी घाट पर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। युवा सरपंच काजल रजक सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो -कर्मचारियों ने हाथों मे झाडू लगाकर श्रमदान किया। स्वच्छता कार्यक्रम पर काजल रजक ने कहा कि स्वच्छता हमारे दिल और दिमाग नही बल्कि सड़क, गांव-गांव भी स्वच्छ रहे। इस दौरान स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया कि हम गाँवो को साफ स्वच्छ बनाये रखने मे सहयोग करेंगे साथ लोगों से भी स्वच्छता बनाये रखने की अपील करेंगे। इस दौरान उपसरपंच सुशील कुशवाहा, लखन उपाध्याय,रवि कांत झरिया,अमित अग्रहरी,सीता राम रजक सहित अन्य जन उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों मे भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### जिले में 16 हजार से अधिक नए हितग्राहियों की पात्रता पर्ची स्वीकृत

**कटनी।** राज्य शासन की लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत, जिले में 5 हजार 532 नए परिवारों के कुल 16 हजार 552 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। हितग्राही राशन दुकान में ई केवायसी करा लें। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि बड़वारा के 930 परिवारों के2 हजार 437 सदस्यों , बहोरीबंद के 452 परिवारों के1 हजार 299 सदस्यों, ढीमरखेड़ा के 715 परिवारों के 2 हजार 24 सदस्यों तथा कटनी के 1 हजार 11 परिवारों के 3 हजार 158 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वींकृत की गई है। इसी प्रकार रीठी के 268 परिवारों के701 सदस्यों, विजयराघवगढ़ के 809 परिवारों के 2 हजार 515 सदस्यों, कटनी नगर के1 हजार 241 परिवारों के 4 हजार 164 सदस्यों, नगर परिषद बरही के 53 परिवारों के 86 सदस्यों, नगर परिषद कैमोर के 29 परिवारोंके63 सदस्यों, नगर परिषद विजयराघवगढ़ के24 परिवारों के 81 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 1096.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 27 सितम्बर तक कुल 1096.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1441.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1071.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## नवरात्र एवं दशहरा पर्व की सुरक्षा व्यवस्था की ली टोह, अधिकारियों को दिए निर्देश

# संवेदनशील क्षेत्रों पर रखें खास निगरानी, पर्व में न हो कोई अप्रिय घटना, बरतें सतर्कता : आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा शनिवार को कटनी पहुंचे। कटनी पहुंचकर उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। आईजी श्री वर्मा ने अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, धार्मिक आयोजनों और शोभायात्राओं में भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौती पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी और परिणामोन्मुख कार्यवाही की जाए। बैठक के बाद श्री वर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग सिस्टम, डायल-112 रिस्पॉन्स सिस्टम और वायरलेस संचार व्यवस्था का जायजा लिया।




इस दौरान उन्होंने आधुनिक तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर सुरक्षा को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस-जन सहयोग को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि विश्वास और सहभागिता का माहौल बनाकर ही बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया सहित जिले के राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

### थानों का भी किया निरीक्षण

पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा ने एनकेजे एवं बरही थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जप्त वाहनों के निराकरण की स्थिति, जरायम निरीक्षण एवं हिस्ट्रीशीटर, गुंडा बदमाशों की चैकिंग रजिस्टर, संपत्ति संबंधी अपराधों के निराकरण की प्रगति, 173(8) के प्रकरणों की समीक्षा, सीसीटीएनएस में अद्यतन प्रविष्टियों का अवलोकन किया। थाने के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, रिकॉर्ड रूम, बंदी गृह, जरायम रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही फरियादियों की थाने में सुनवाई एवं पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने थाना प्रभारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाए।

थाने की स्वच्छता, अनुशासन एवं अभिलेखों के संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर सतत निगरानी रखी जाए एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना क्षेत्रों में चौकसी एवं गश्त बढ़ाई जाए।

पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार करने तथा कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने हेतु निरंतर सतर्क रहने के निर्देश दिए।



# जांच के नाम पर वाहन चालक से अवैध वसूली

## हाईवे में अवैध वसूली का सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन चालकों से जांच के नाम पर अवैध वसूली करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वारयल हो रहा है। वायरल वीडियो में आरटीओ कार्यालय कटनी में पदस्थ क्लर्क और उसकी निजी कर्मियों की टीम की वाहन चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। बताया जा रहा है कि वे विभाग की सरकारी गाड़ी का उपयोग कर हाईवे पर खड़े होकर दूसरे राज्यों के नंबर वाली गाड़ियों को रोकते हैं और कागज़ चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। वायरल वीडियो में वाहन चालक यह कहते नजर आ रहे है कि उनसे कागज़ जब्त कर लिए जाते हैं और डराकर जबरन पैसे वसूले जाते हैं। यह कार्रवाई चाका और पीरबाबा बायपास क्षेत्र में लंबे समय से जारी है। गौरतलब है कि करीब दो माह पहले पीरबाबा बायपास में जांच के दौरान एक ट्रक चालक से मारपीट करने के आरोप लगे थे। घटना के बाद गुस्साए ट्रक चालकों ने सड़क पर जाम लगा दिया था।

# सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं कब्जाधारियों पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर की अगुवाई में खिरहनी फाटक पुलिस चौकी के सामने से जुलूस निकाला जया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। जुलूस में नारेबाजी कर कटनी में जो मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है वह सरकारी बनाया जाए।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वरी पटेल, श्रवण सोनी, डॉक्टर सचिन कुशवाहा, दिवाकर तिवारी सानू राय तीरथ राय बाल्मिक विश्वकर्मा बेनी पटेल प्रदीप पटेल ठाकुर राजेंद्र सिंह समाजसेवी मनोज निगम सचिन शर्मा प्रभात पांडेय,दीपक पटेल उमा कोरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। जुलूस कचहरी चौक में जाकर सभा में परिवर्तित हुआ सभा




को संबोधित करते हुए रघु ठाकुर ने कहा कि हम दो मांगों को लेकर आए हैं एक ग्राम अमाडी में जिन लोगों ने शासकीय ओर निजी लोगों की जमीन में कब्जा किया है उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया कि आम रास्ते पर लगा गेट को हटाया और उन पर जुर्माने का आश्वासन दिया है पर इतना ही पर्याप्त नहीं है अगर इन कब्जधारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी तो इसका प्रभाव समूचे जिले में पड़ेगा और लोग सरकारी जमीन में कब्जा करने से डरेंगे।

विंदेश्वरी पटेल ने कहा कि यह आंदोलन एक चेतावनी है और अभी यह आगे जाएगा। श्री पटेल ने दूसरी मांग कटनी में सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाने की चर्चा करते हुए कहा कि अगर पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा वह एक प्रकार से निजीकरण ही होगा। उन्होंने स्थानीय विधायक के बयान के लिए उनकी प्रशंसा की और कहा हमारा संघर्ष सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए है और हमारे जनप्रतिनिधि विधायक के सम्मान के लिए के लिए है कटनी वाशी किसी भी हालत में पीपीपी मॉडल स्वीकार नहीं करेंगे।

सभा को मनोज निगम डॉ सचिन कुशवाहा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया यह भी निर्णय हुआ कि पार्टी 2 अक्टूबर को किसानों के माध्यम से ग्राम सभा में सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्ताव पारित करने के लिए अपील करेगी और जिले से हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री को भेजेंगे अगर एक माह में यह काम पूरा नहीं हुआ और सरकार ने अपनी घोषणा को नहीं बदला तो लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी मशाल जुलूस निकालेगी।

## विधायक ने पोषण प्रदर्शनी का किया अवलोकन



सेवा पखवाड़ा एवं आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर "जीवन के प्रथम 1000 दिवस और मस्तिष्क का विकास" की थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस बीच बड़वारा विधयाक धीरेन्द्र सिंह ने विकासखंड ढीमरखेड़ा के कछारगांवमेंराष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत आयोजित पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय जनों को पोषण अभियान में सामुदायिक भागीदारी के लिए प्रेरित करने सामूहिक शपथ भी दिलाई। इस दौरान ग्रामीणजन, माताएँ, किशोरियाँ व स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 0 से 2 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल, स्तनपान एवं पूरक आहारतथा प्रारंभिक 1000 दिवसों में उचित पोषण से मस्तिष्क विकास के सम्बन्ध में गर्भवती एवं धात्री माताओं को जानकारी दी गई।

# अव्यवस्थाएं देखकर कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंलने चिकित्सीलय में बेहतर साफ-सफाई और किचन में समुचित खाद्य प्रबंधन के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने समूचे अस्पयताल परिसर का भ्रमण कर गहन चिकित्सां कक्ष, बाह्य रोगी कक्ष, सर्जिकल वार्ड, मेटरनिटी वार्ड और नवीन बिल्डिंग मंर बने शिशु रोग उपचार कक्ष का भी जायजा लिया। कलेक्टसर ने जिला चिकित्सा लय परिसर में निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने बाह्य रोगी कक्ष और आकस्मिक चिकित्साा विभाग का निरीक्षण किया और गंदगी से भरे डस्टबिनों को देखकर नाराजगी



जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि डस्टेबिन भरने पर तत्कादल खाली कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार एक्सरे कक्ष में भीड़ प्रबंधन हेतु समुचित व्यिवस्थो करने सिविल सर्जन को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर उनकी समस्याचओं और यहां की उपचार व्योवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की और जिला चिकित्सा लय में समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यहां उपचार हेतु आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टंर श्री तिवारी ने सिविल सर्जन डॉ. वर्मा को आयुष्मातन भारत योजना के तहत पंजीयन बढ़ाने की हिदायत भी दी।

*सेवा एवं पोषण अभियान के तहत हुई विभिन्न गतिविधियां*

# कन्या भोज, निबंध प्रतियोगिता एवं मानव श्रृंखला से दिया पोषण और सेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के अंतर्गत कन्या भोज, निबंध प्रतियोगिता एवं मानव श्रृंखला निर्माण कर पोषण और सेवा का संदेश दिया गया।

मुड़वारा विधायक संदीप प्रसाद जायसवालके मुख्य आतिथ्य में मुड़वाराकी परियोजना अधिकारी विद्या पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक श्री



जायसवाल द्वारा पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। साथ ही कन्या भोजन का आयोजन कर बेटियों के स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया गया। कौड़यि बहोरीबंद में सतीश पटेल परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन कर राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बेटियों के स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

परियोजना अधिकारी आरती यादव द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी ढीमरखेड़ा में ₹पोषण अभियान₹ विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए पोषण के महत्व पर निबंध लिखे। निबंध लेखन में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरुस्कार भी प्रदान किये गये।

### बनाई मानव श्रृंखला

बड़वारा केपरियोजना अधिकारी इंद्राकुमार साहूके नेतृत्व में मानव श्रृंखला का निर्माण कर स्वच्छता ही सेवा एवं सही पोषण का संदेश दिया गया।

## शारदेय नवरात्र में पूजन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

# माता शारदा की महिमा, मातारानी की कृपा से जी उठा था बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

आदिशक्ति जगत जननी की आराधना का पावन पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है। चहुंओर मातारानी की जयजयघोष हो रही है। भक्त मातारानी की भक्ति में लीन है। तहसील मे शारदेय नवरात्र की धूम है। पंडालो में दुर्गा प्रतिमा विराजित है। विद्युत की रौशनी से पंडाल आकर्षण का केंद्र बने हुए है। देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे है। एक से बढ़कर एक दुर्गा पंडाल सुशोभित हो रहे है। प्रतिदिन भक्त देवी पंडालो मैं आयोजित कार्यक्रमों मैं भाग लें रहे है। शनिवार को मातारानी के छठवे रूप माता की पूजा अर्चना कर श्रंगार किया गया।

तहसील स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम खड़रा में शारदा मंदिर स्थापित है जो अपने अनूठे रहस्यो को संजोय रखा है। मंदिर के पुजारी भजनलाल




पंडा ने बताया कि यह स्थल 350 वर्षो पुराना है। चार पीढ़ी से हमारे वंशज ही मातारानी की पूजा करते चले आ रहे है। इस मंदिर को लेकर एक किवंदती प्रचलित है जिसमें कहा जाता है कि जंगल में गाय ओर भेड़ बकरी चराने गए बालको ने खेल खेल में एक बालक को बकरा बनाते हुए पशु पक्षियो के पंखा ओर हड्डियों की तलवार बनाकर उसकी गर्दन में रख दिया। हड्डियों से बनी तलवार से ही उस बालक की गर्दन काटकर अलग हो गई। यह देखकर बच्चें घबरा कर घर भाग गए ओर अपने माता पिता को यह बात बताई। परिवार व ग्रामीणजन मंदिर के पंडा के पास पहुंचें। पंडा ग्रामीणों के साथ उस जगह पहुंचें जहाँ बालक मृत पड़ा हुआ था।

पंडा ने बालक के सिर को धड़ के पास लगाकर कपड़े से ढक दिया ओर मातारानी की साधना शक्ति मैं लोग जुट गए। मातारानी की ऐसी कृपा हुई कि कुछ देर बाद मृत बालक जिन्दा हो उठा तभी से यह मंदिर प्रसिद्ध हो गया। बड़े -बड़े दान दाताओ के द्वारा मंदिर का सर्वागींण विकास किया गया। साथ ही मंदिर में स्थापित पत्थर भी अपने आप बड़े आकार में परिवर्तित हो रहे जो अनोखा रहस्य है। आखिर पत्थर कैसे अपने आप बड़े आकार मैं परिवर्तित हो जाते है यह भी एक रहस्य इस मंदिर से जुडा है। इसके साथ अन्य मान्यताये भी है।

मंदिर में भक्तों की मनोकामना भी पूर्ण होती है। नवरात्र के चलते लोगों ने अपनी मन्नत के अनुरूप ज्वारे खप्पर स्थापित किये है, जिनकी मन्नते पूर्ण हुई है। वे ही दोनों पहर माता के दर्शन को आते है। नवमी तिथि पर विशाल ज्वारे जुलूस निकाला जायेगा। खड़रा स्थित शारदा मंदिर पहुंचने के लिए स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व सिहोरा उलदना से पहुंच मार्ग है।

### स्थापित प्रतिमाओं के दर्शन करने उमड़ रही भीड़

शारदेय नवरात्र पर्व पर देवी मन्दिरो से लेकर पंडालों तक भक्तिमय धार्मिक वातावरण बना हुआ है। प्रतिदिन सुबह से मातारानी के दर्शन के लिए भक्त देवी मंदिरों मैं पहुँच रहे है।मातारानी को जल अर्पित कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। वही सार्वजनिक समितियों के माध्यम से पंडालों में विराजित देवी प्रतिमाओं की झांकिया लोगो के मन को आकर्षित कर रही है।देवी प्रतिमाओं की झलक देखने रात्रि के समय भक्तो की भीड़ पंडालों मैं उमड़ रहा है। वही ग्राम पंचायत प्रांगण मैं चल रही रामलीला का मंचन देखने लोगो की भीड़ उमड़ रही है। वही बाल कलाकारों के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी जा रही है। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मैं देवी भागवत नवाहयज्ञ चल रहा है जहाँ देवी कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सिंहवाहिनी माता का प्रतिदिन भव्य श्रंगार किया जा रहा है जिससे मातारानी की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्त पहुंच रहे है।



# आबकारी अमले ने रात्रिकालीन गश्त कर कंपोजिट मदिरा दुकानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु ग्राम टिकरवारा में आबकारी टीम द्वारा दबिश दी गई व आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच कलेक्टर के निर्देश पर की गई।वहीं दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार के मद्देनजर वृत क्रमांक 1 एवं 2 के अंतर्गत क्षेत्रों की कम्पोजिट मदिरा दुकान कटनी कैम्प,बरगवा ए ,बरगवां बी,चांडक चौक, बस स्टैंड ए एवं बस स्टैंड बी में रात्रि गश्त के दौरान दुकानों के समीप सार्वजनिक स्थलों में मदिरा सेवन ना करने की सख्त हिदायत दी गई एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में आबकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**उमरियापान।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को खम्हरिया बागरी के शासकीय माध्यमिक और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ।ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कनौजिया के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के साथ गांव में रैली निकाली गई। रैली के दौरान बच्चों ने स्वच्छता को लेकर नारे लगाए और ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान प्रचार्य अशोक बागरी और शाला प्रभारी दिनेश पांडेय ने बच्चों और ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें घर तथा आसपास की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकों और छात्र छात्राओं सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### मारपीट से युवक की मौत, पिता व पुत्र पर मामला दर्ज

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवगांव मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक को इस कदर पीटा कि वह लहूलुहान हो गया। बाद में उसके शरीर पर मौजूद जख्मों में संक्रमण फैल गया और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने आरोपित पिता व पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि विगत 8 सितंबर को आपसी विवाद के बाद देवगांव निवासी 36 वर्षीय बारेलाल यादव पिता दसई यादव की विगत दिनों मौत हो गई है। बारेलाल की हत्या उनके ही पड़ोस में रहने वाले आसाराम यादव, अंकुश यादव एवं मनीष यादव ने मिलकर की है। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच में यह बात सामने आई कि मृतक बारेलाल मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उसके घर के सामने रहने वाले आसाराम एवं उसके लड़के अंकुश और मनीष उससे परेशान थे। तीनों ने मृतक बारेलाल को बंधक बनाकर बेरहमी से डंडों से पीटा, जिसके कारण उसके पैर में गंभीर चोटे आई। बाद में बारेलाल को इलाज नहीं मिल पाया और पैर में लगे चोट में संक्रमण फैल गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। उजागर हुए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 15 अक्टूबर को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार,15 अक्टूबर को पूर्व एजेंडा के अनुसार निर्धारित समय एवं स्थान पर आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जारी पत्र के अनुसार शुक्रवार, 3 अक्टूबर को आहूत सामान्य सभा की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### योजनाओं में प्रगति लाने अधिकारियों ने किया दौरा

**कटनी।** बारिश का पानी पर्याप्त मात्रा में तालाब में अधिक से अधिक संरक्षित और सुरक्षित रह सके इसके लिए तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए आवश्यक सुधार कर तालाब विस्तारीकरण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश शुक्रवार को ग्राम पंचायत कचनारी के पोषक ग्राम मुखास में निर्माणाधीन स्वीकृत तालाब विस्तारीकरण कार्य का औचक निरीक्षण कर नब्ज टटोलते हुए जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने निर्माण एजेंसी को दिए। उल्लेखनीय है कि अभी हाल में ही जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार द्वारा समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए थे। अवगत होवे कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत कचनारी द्वारा 15 वें वित्त की राशि से जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु तालाब विस्तारीकरण कार्य कराया जा रहा है। सीईओ श्री कोरी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही नहीं बरती जाए।

# या देवी सर्वभूतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः


झंडा बाजार दुर्गा मंदिर में विराजी आदिशक्ति।


आजाद चौक बड़वारा में विराजी मां दुर्गा।


चक्की मोहल्ला लखाखेरा में विराजी मां जगदंबे।


सुभाष चौक में विराजी मां भगवती।


झंडा बाजार बड़वारा मढ़िया में विराजी मां महाकाली।


थाना परिसर बड़वारा में विराजी मां दुर्गा।

### महापौर ने साथ शाला भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर निभाया अपना वादा

# 1 करोड़, 92 लाख रूपए से होगा सर्व सुविधायुक्त स्कूल भवन का निर्माण, बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग होगा प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम स्वामित्व के स्कूलों सहित नगर के शासकीय स्कूलों में भी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों को आधुनिक पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में ए.रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में 1 करोड़ 92 लाख से अधिक की लागत से सर्वसुविधायुक्त आधुनिक स्कूल भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन शुक्रवार को महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद श्रीमती पैरवी बिट्टू की मौजूदगी में विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

#### शिक्षा,समाज की प्रगति और उज्जवल भविष्य की सशक्त नींव - महापौर

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे है। ए रविन्द्र राव स्कूल में नए भवन के निर्माण एवं कक्षा आठवीं तक अंग्रेजी माध्यम से कक्षाओं के संचालन किए जाने का वादा मेरे संकल्प पत्र में शामिल था। नागरिकों एवं छात्रों से कम शुल्क में अच्छी शिक्षा प्रदान करने का वादा अब शीघ्र पूर्ण हो जायेगा। कार्य पूर्ण होने से विद्यालय में कक्षाओं की संख्या में वृद्धि, स्मार्ट क्लास रूम, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, सुरक्षित पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और खेलकूद की समुचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि आज का यह अवसर नगर निगम तथा हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति और उज्जवल



भविष्य की सबसे सशक्त नींव है। इसी दृष्टिकोण से नगर निगम द्वारा ए रविन्द्र राव गुलाब चंद स्कूल में लगभग 1.92 करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण की योजना को मूर्त रूप देने भूमिपूजन किया गया।

#### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों का अधिकार

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों का अधिकार है। नगर निगम का लक्ष्य है कि नगर का कोई भी बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस भवन के निर्माण एवं अंग्रेजी माध्यम के स्कूल के संचालन से छात्रों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस भवन के निर्माण से न केवल बच्चों को बेहतर पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित, आधुनिक और प्रेरणादाई वातावरण भी मिलेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह भवन आने वाले वर्षों में असंख्य छात्रों के सपनों को आकार देगा और हमारे शहर के शैक्षिक स्तर को और ऊंचाई प्रदान करेगा।

#### गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

महापौर श्रीमती सूरी ने कार्यक्रम के दौरान निर्माणाधीन भवन स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने सहायक यंत्री सुनील सिंह क्षेत्रीय उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी से स्कूल भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी से अवगत होते हुए छात्रों की सुविधा हेतु बनाए जा रहे इस स्कूल भवन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करने के निर्देश देते हुए तय समयसीमा में स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने की बात कही।

भूमिपूजन में मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, सुरेन्द्र गुप्ता, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू रेखा संजय तिवारी, सीमा श्रीवास्तव एवं वार्डवासी सहित शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# कांग्रेस ने फूंका कैलाश विजय वर्गीय का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

जिले के बड़वारा मुख्यालय में आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह के निर्देशानुसार ब्लॉक कमेटी बड़वारा द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के भाई बहन जैसे पवित्र रिश्ते पर अभद्र और अमर्यादित टिप्पड़ी के विरोध में बड़वारा तिराहे पर कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया एवं जमकर नारेबाजी कर त्यागपत्र की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान विकास निगम ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, मोहम्मद इजरायल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, ओमकार सिंह तेकाम जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, शैलेश जयसवाल, नारायण दत्त तिवारी मंडलम अध्यक्ष, अंशुल राजपूत , घनश्याम शर्मा, डॉ राजेश सिंह चौहान, संदीप बर्मन , शरद दाहिया, शिव चरण चैनी, जीतू गुप्ता, मनीष पटेल , नवनीत यादव, शरद खटीक, अमित चौधरी, रामकृपाल शर्मा, शिवा, नीरज चौधरी, रोहित मोगरे, करण राठौर, रवि टेकाम, सुनील चौधरी, राम कचेर, मुकेश सेन ,मनोज रजक ,नंदू कोरी, सुनील कुशवाहा, संजय कोरी, संपत कोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामलीला में माता सीता की विदाई का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

शारदेय नवरात्र के अवसर पर उमरियापान कटरा बाजार में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया है। बीती रात रामलीला में कलाकारों ने श्रीराम विवाह, कलेवा और सीता विदाई का जीवंत मंचन किया। सीता की विदाई देख दर्शकों की आंखें छलछला गई। श्रीरामलीला मंचन के क्रम में सीता स्वयंवर के बाद राजा जनक अपनी पुत्री सीता के विवाह की तैयारियों में जुट जाते हैं। जनकपुर को फूल-मालाओं से सजाया जाता है। बाद में विधि-विधान से श्रीराम और सीता का विवाह होता है। इस दौरान आकाश से देवी-देवता पुष्पों की



वर्षा करते हैं। श्रीराम विवाह के दौरान विवाह गीतों की प्रस्तुति कर कलाकारों ने श्रद्धालुओं को खूब गुदगुदाया। इसके बाद समिति के सदस्यों ने अयोध्या से आए बराती को स्वादिष्ट भोजन कराया।

मंचन में राजा जनक अपनी पुत्री सीता की विदाई करते हैं और फूट-फूट कर रोते हैं। यह दृश्य देख सभी की आंखों से आंसू छलक जाते हैं।माता सीता की विदाई में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की तैयारियों का मंचन किया। जिस पर मंथरा नाखुश दिखाई दी। रामलीला के दौरान कलाकारों ने मातारानी के स्वरूप में आकर आकर्षण नृत्य कर उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया।

### स्वच्छता दूतों एवं परिजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ अयोजन

# शिविर में 8 चिकित्सकों की टीम ने की स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का किया निःशुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा संचालित किये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में शनिवार को स्वच्छता दूतों एवं उनके परिजनों के लिए विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय के 8 चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तचाप, शुगर, आवश्यक चिकित्सा जांचें की जाकर निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस अवसर पर निगम पार्षदों



के साथ शिविर स्थल पर पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वच्छता दूतों से संवाद किया। महापौर श्रीमती सूरी नें स्वच्छता दूतों के नगर की सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान को सराहते हुए कहा कि,स्वच्छता दूत हमारे नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, सुरेन्द्र गुप्ता, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, पार्षद रेखा संजय तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, कमलेश चैधरी, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा एवं उनके डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

इस स्वास्थ्य शिविर में 572 से अधिक नगर निगम में कार्यरत स्वच्छता दूतों एवं उनके परिवारजनों ने अपनी विभिन्न प्रकार की जांचे निशुल्क कराते हुए स्वास्थ्य लाभ एवं दवाइयां प्राप्त की। शिविर के दौरान लगभग 140 लोगों ने मधुमेह की जांच कराई। वहीं 165 लोगों ने रक्तचाप की निःशुल्क जांच का लाभ उठाया। शिविर के दौरान 50 से भी अधिक प्रकार की दवाओं का वितरण किया।

### निबंध प्रतियोगिता में विजेताओं को किया पुरुस्कृत

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में पोषण माह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें नितिन मेहरा ने पहला,श्रेया दुबे ने दूसरा और सुलेखा लोधी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने तीनों विजेताओं को शील्ड प्रदाय कर पुरुस्कृत किया। इस मौके पर सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुलेखा चौरसिया,मीरा ज्योतिषी,आशा गर्ग और दुर्गा बर्मन उपस्थित रही।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**उमरियापान।** नाबालिका से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि 26 अगस्त को नाबालिगा घर से लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 1 सितंबर 2025 को नाबालिका को दस्तयाब कर पूछताछ की गई। नाबालिका ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के भैंसवाही निवासी मिथलेश लोनी उसे बहला-फुसलाकर ले गया और शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी को शाजापुर जिले से गिरफ्तार किया।

### आंगनवाड़ी केंद्र पोंड़ी में 8वाँ राष्ट्रीय पोषण माह के तहत हुआ आयोजन

# पोषण आहार व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ई के ग्राम पोंडी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पोंड़ी में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती व विद्या पांडे परियोजना अधिकारी मुड़वारा जिला कटनी , डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर स्वाति मैडम ब्लॉक कोर्डिनेटर, शिवांगी गुप्ता पर्यवेक्षक सुमन पटेल की उपस्थिति में व्यंजन प्रतियोगिता रखी गई जिसमें पुरुष वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व बच्चों के पालन पोषण में माता-पिता की दोनों की सहभागिता कितनी महत्वपूर्ण है, को समझा। इस अवसर पर श्रीमती मनीषा लुंबा क्षेत्रीय समन्वयक महिला संसाधन केंद्र जबलपुर द्वारा बताया गया कि जबलपुर से कटनी आगमन हुआ जिसमें मुझे उक्त कार्यक्रम में सहभागिता बारडोली



वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष रामलखन चौधरी एवं संस्था के पुरुष वर्ग अन्य सदस्य साथ संपूर्ण पोषण आहार, मोटे अनाजों ,फल सब्जियां एवं टी एच आर से बनने वाले व्यंजन की बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई एवं पुरुषों द्वारा ही प्रदर्शनी में लगाए गए सभी व्यंजनों को सभी के साथ अवलोकन किया गया जो अत्यंत सराहनीय है जिसमें श्री गनपत लाल कोल ने सभी व्यंजनों का संपूर्ण जानकारी हितग्राहियों को बताया कि खाद्य पदार्थ में कौन से विटामिन पोषक तत्व प्रोटीन मिलते हैं, यह सभी पुरुषों द्वारा व्यंजन तैयार किया गया 1 महिलाओं एवं किशोरी बच्चियों को हमें अपने जीवन में आसपास की सभी पोषक तत्वों खाद्य पदार्थ जो आसानी से मिल जाते है उन्हें एकत्रित कर उसका उपयोग कैसे करना है जो हमारे परिवार को पूर्ण सुरक्षित और निरोग बनाएं इसके साथ ही बच्चों को पैकेट बंद चिप्स कुरकुरे अन्य ऐसी वस्तुओं का सेवन करने पर रोक लगाना है।



### आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बड़वारा।** भुड़सा सेक्टर पर्वेक्षक रेशमा परवीन ने बताया कि जिले के बड़वारा परियोजना के सेक्टर भुड़सा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अंतर्गत गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में प्रत्येक दिवस की थीम अनुसार प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियां आयोजित की जाकर महिलाओं और ग्राम वासियों को समझाइस दी जा रही है एवं पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिससे बच्चों और महिलाओं एवं किशोरियों में होने वाले कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने हेतु जन जागरूकता लाई जा सके इसमें पुरुष वर्ग को भी शामिल किया गया है इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बिजोरी में राष्ट्रीय पोषण बैंक का आयोजन किया गया एवं पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# जंगली हाथी ने किसानों की धान की फसल किया चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही तहसील अंतर्गत ग्राम जगुआ के डुणहा के किसानों की धान की फसल जंगली हाथी नष्ट कर दिया एक सप्ताह से रोजाना बफर जोन पनपथा के जगुआ वीट में एक जंगली कॉलर वाला हाथी अपना डेरा जमाया हुआ है। शाम ढलते ही जंगल से निकलकर खेतों में घुस जाता है और फसल खाता है और रौंद कर बर्बाद कर रहा है। किसान मंगल बैगा छोटे लाल साहू शंभू साहू फूल चन्द भुमिया जैनुल भाईजान बिन्दा चौधरी की धान की फसल को हाथी नष्ट कर दिया है। शुक्रवार को शाम 5बजे खेत में हाथी जंगल से निकलकर आ गया। किसान व ग्रामीण देखते रहे किसी की हिम्मत नहीं पड़ी शोरगुल करने के बाद नहीं भागा सुबह खेत से निकला अपना पेट भर कर किसान परेशान हैं। उनकी आजिविका चौपट हो रही है किसानों ने इसकी सूचना स्थानीय वन विभाग को दी पहुंचाकर ग्रामीणों के साथ शोरगुल किया गया तब जंगल की ओर भागा पर चला जाता है फिर आ जाता है। शाम को जंगल से निकलकर किसानों की धान की फसल में आ जाता है और पूरी रात फसल को खाता है और रौंदकर नष्ट कर दिया। किसानों का कहना है उच्चाधिकारी ध्यान नहीं दें रहें हैं हम एक सप्ताह से परेशान हैं हमारी फसलों को हाथी नष्ट कर रहा है हाथी के दहशत से हम खेत नहीं जा रहें, अपनी फसल की तकवारी करने ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पनपथा वन परिक्षेत्र अधिकारी से जानकारी लेनी चाही पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। किसानों ने उमरिया जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराते हुए हाथी को पकड़ने मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बड़वारा**
जनपद पंचायत बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

**निविदा -:** ग्राम पंचायत बड़वारा में प्रगतिरत निर्माण कार्य वर्ष 2025-26 हेतु सामग्री मटेरियल एवं कार्यालय रखरखाव फर्नीचर आदि की व्यवस्था एवं अन्य क्रय सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रय सामग्री के लिए विवरण नीचे लिखे निम्नानुसार है-

1. सरिया, गिट्टी 40 एमएम, 20 एमएम, सीमेंट, रेत, मुरूम आदि। (शासकीय भवन निर्माण एवं सी0सी0 रोड सह नाली निर्माण)
2. ग्राम पंचायत में रखरखाव हेतु सामग्री टेबिल, कुर्सी, अलमारी, लेपटाप, प्रिंटर आदि सामग्री।
3. स्वच्छता अभियान के अंतर्गत झाडू, तसला, पंजा, गैती, फावड़ा आदि।

नोट :- निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए ग्रा0पं0 कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

सरपंच ( श्रीमति सुनैया बाई ) सचिव (ग्राम पंचायत बड़वारा)

## शारदेय नवरात्री की धूम, शक्ति की भक्ति में ली श्रद्धालु: जिले भर में सजी मातारानी की मनमोहक झांकियां


जबेरा। शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति पुरानी असपताल


जबेरा। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति 1947 से लगातार विराजमान हो रही मां की प्रतिमा


जबेरा।


जबेरा। नरसिंह दुर्गोत्सव समिति बस स्टैंड



जबेरा। मिलन दुर्गोत्सव समिति जबेरा


झलौन। वन परिक्षेत्र झलौन में विरोजी मां

**जबेरा।** शारदीय नवरात्र में श्रद्धालु मां जगत जननी की भक्ति में लीन है। पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान है जहां सुबह शाम आरती पूजन में श्रद्धालु सम्मिलित होकर लाभ अर्जित कर रहे हैं। वहीं देवी मंदिरों में सुबह से जल चढ़ाने वाली भक्तों की भीड़ पहुंच रही है। 9 दिन तक श्रद्धालु व्रत रखकर की मां दुर्गा की उपासना करते हैं। पंडालो के पास आकर्षित लाइटिंग से साज सज्जा की गई है। ग्राम कोरता के प्रवीण राय ने बताया कि ग्राम कोरटा पिपरिया में पिछले 35 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है नवरात्र में पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

# सांसद ने चंडी जी मंदिर परिसर में बने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**हटा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान नगर में मां चंडी जी माता मंदिर परिसर में सांसद निधि द्वारा 15 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण सांसद राहुल सिंह द्वारा विधायक उमादेवी खटीक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल एवं भाजपा के पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। लोकार्पण के पूर्व सांसद राहुल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ माँ चंडी जी के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। तदोपरांत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सांसद निधि से 15 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण सांसद राहुल सिंह जी द्वारा पूजन अर्चन कर फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित देसी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर हम विकास कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दर काम किए जाने के बारे में बताया और सभी से इसका लाभ लेने को कहा। इसके पूर्व विधायक उमा देवी खटीक ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, मनीष पलया, अनीता खरे, सुधा सेन मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी विनय दबे सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

# देवश्री गौरीशंकर में श्री अतिरुद्र यज्ञ व कथा का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



धर्मपरायण नगरी उपकाशी हटा के देव श्री गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में श्री गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट कमेटी आगामी एवं यज्ञ कमेटी के नेतृत्व में फरवरी 2026 महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री अति रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा जिसकी तैयारियां कमेटी द्वारा शुरू कर दी गई है। यज्ञ कमेटी के सचिव पंडित आयुष दुबे ने जानकारी देते हुए कि आगामी 5 फरवरी 2026 से 15 फरवरी तक श्री श्री 1008 श्री अति रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें यज्ञाचार्य बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की पूर्व विभाग अध्यक्ष ज्योतिष एवं वेद विभाग के आचार्य डॉक्टर मथुरा प्रसाद शुक्ल होंगे। वही श्रीमद् भागवत कथा व्यास डॉक्टर अनिल शास्त्री (गृहस्थ संत) घनश्याम बाग होंगे।

**हटा में वृहद आयोजन की तैयारियां शुरू, राष्ट्रीय संतो को किया जा रहा आमंत्रित**

उन्होंने बताया कि यज्ञ की तैयारियां शुरू कर दी गई है महोत्सव में राष्ट्र के संत महात्माओं को पधारने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें पुरी पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज जी एवं तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज से चित्रकूट में प्रार्थना कर यज्ञ में पधारने आमंत्रित किया गया। वहीं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज को आमंत्रित किया गया। इसके अलावा अजब धाम में संत श्री रामअनुग्रह दास जी महाराज छोटे सरकार से यज्ञ में पधारने का आग्रह किया। इसके अलावा प्रदेश व देश के राष्ट्रीय संतो को आमंत्रित किया जा रहा है। देव श्री गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में यज्ञशाला की तैयारीयां भी शुरू कर दी गई है। कमेटी द्वारा नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

# कलहरा खेड़ा और जलहरी में शराब, जुआ पर पूरी तरह रोक

**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत कलहरा खेड़ा और जलहरी ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अपने गांवों को शराब, जुआ और नशे से मुक्त घोषित कर दिया है। ग्राम सभाओं में सरपंच, सचिव और ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि अब गांव में कोई भी शराब नहीं बेचेगा, न ही शराब पीकर उत्पात, गाली-गलौज या मारपीट करेगा। ग्राम पंचायतों ने यह भी तय किया है कि गांव में जुआ-सट्टा और गांजे का कारोबार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर जुर्माना लगाया जाएगा — शराब बेचने या पीकर उत्पात करने वालों पर 11,000 का और गाली-गलौज/झगड़ा करने वालों पर 5,000 का जुर्माना लगेगा। इसके अलावा पुलिस कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी। ग्राम जलहरी में इस फैसले को लेकर विशाल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोनों पंचायतों के सरपंच — कलहरा खेड़ा के विपिन कुमार जैन और जलहरी के जीवन सिंह ने कहा कि यह निर्णय गांव की सामाजिक शांति और नवपीढ़ी के भविष्य के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। कार्यक्रम में जनपद सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल और जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सूजन सहित पुलिस बीट प्रभारी अशोक ठाकुर उपस्थित रहे। डॉ. पटेल ने कहा कि इस निर्णय की तरह ही जनपद जबेरा की सभी 70 पंचायतों में शराबबंदी लागू करने का आदेश तैयार किया जाएगा। वहीं पुलिस अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। ग्रामवासियों ने इस पहल को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। निर्णय के बाद दोनों ग्राम पंचायतों में खुशी और संतोष का माहौल देखा जा रहा है।

## ये विद्यालय तो गार्डन से भी सुंदर है - मलैया



**दमोह।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विधायक जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उर्दू विद्यालय के स्टाफ द्वारा अनूठी पहल करते हुए संस्था प्रांगण मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में पेड़ अपनी अपनी माँ के नाम से इस प्रकार लगाए कि जिसे देखकर जयंत मलैया ने कहा कि आप लोगों ने तो विद्यालय को गार्डन से भी सुंदर बना दिया । संस्था प्राचार्य डॉ नाजिर खान ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से निर्धारित समस्त कार्यक्रम विद्यालय में प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। ये कार्यक्रम हर भारतीय नागरिक के लिए राष्ट्र के प्रति प्रेम और छात्रों को जागरूक करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम संरक्षक जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा , अनवर उस्ताद, भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री , दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई एवं दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया मंडल उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दुबे सुनील यादव नगर मंत्री जितेंद्र चक्रवर्ती संजय सोनी , साजिद रिजवी अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष , महामंत्री सद्दाम खान , मुबीन कुरैशी एवं पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं आसिफ अंजुम (प्रांतीय मंत्री) शासकीय शिक्षक संगठन के साथ समस्त उर्दू विद्यालय के स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अतुल चौबे ने एवं श्रीमती आशा जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## फसलों में इल्लियों की रोकथाम के बताये उपाय

**बटियागढ़।** किसानों के लिए इल्लियाँ हर साल एक बड़ी समस्या बनकर सामने आती हैं। ये फसल की पत्तियों को चट कर देती हैं जिससे उत्पादन में भारी गिरावट आती है। डॉ . द्वारका का कहना है कि समय पर रोकथाम से किसान अपनी फसल को नुकसान से बचा सकते हैं। इसके लिए खेत में नियमित निगरानी करें और शुरुआती अवस्था में ही इल्लियों की पहचान करें। इल्लियों के अंडों और लार्वा को हाथ से चुनकर नष्ट करें। पक्षियों के बैठने के लिए 'टी' आकार की लकड़ियाँ खेत में लगाएँ ताकि वे इल्लियों को खा सकें। नीम आधारित कीटनाशकों का छिड़काव 1 से 2 मिली प्रति लीटर पानी के हिसाब से करें, जो सुरक्षित और प्रभावी होते हैं। आवश्यकता पड़ने पर ही रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग करें, और कृषि विशेषज्ञ की सलाह अनुसार ही खुराक का उपयोग करें। डॉ. द्वारका (कीटविज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना) का कहना है कि जैविक और रासायनिक तरीकों का संतुलित प्रयोग कर किसान फसल को इल्लियों से बचा सकते हैं और उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। निम्न रसायनों का इमामेक्टिन बेंजोएट 80 से 100 ग्राम प्रति एकड़ या प्रोफेनोफोस 1 से 2 मिली प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव कर सकते है।

## बिलाई में दुर्गोत्सव की धूम



**हिंडोरिया।** नगर के समीप ग्राम बिलाई में शारदेय नवरात्रि, दुर्गोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर में देवी के पंडाल को सजाकर आकर्षक बनाया गया है। पंडाल में विराजमान दुर्गा प्रतिमाओं की आराधना की जा रही है। दुर्गोत्सव समिति बाजार क्षेत्र बिलाई में मंदिर के आकार का पंडाल बनाकर सजाया गया है। गांव के गोलू राय ने बताया की सुबह श्रद्धा भक्ति के साथ दुर्गा पाठ एवं रात्रि में 8:00 बजे से भगवती देवी दुर्गा की पूर्ण श्रद्धा के साथ आरती की जा रही है। आरती में भक्तों की भारी भीड़ पहुंचकर धर्म लाभ ले रही है। गांव में चार जगह पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। सभी जगह पर प्रतिमाओं को सजाकर बनाकर सजाकर आकर्षक बनाया गया है। देर रात्रि तक विभिन्न प्रकार के धार्मिक रंगारंग कार्यक्रम किया जा रहे हैं। बाजार क्षेत्र में रात्रि में धार्मिक फिल्मों का प्रसारण किया जा रहा है। चारों ओर देवी मां के जयकारे लगाए जा रहे हैं धर्म में वातावरण बना हुआ है नगर की देवी मंदिरों को सजाकर सुंदर आकर्षक बनाया गया है लोग देवी मां की भक्ति में लाइन है।

**भक्तों की हर मनोकामना होती है पूर्ण**

## तीन सौ साल पुराना आस्था का केंद्र है गुंजी ग्राम का चंडी माता मंदिर

**बनवार।** दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम से उत्तर दिशा में करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गुंजी में सैकड़ों वर्षों पुराना चंडी माता मंदिर आज भी आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। कहा जाता है कि करीब तीन सौ वर्ष पहले चंडी माता की प्रतिमा एक छेवला के पेड़ के नीचे प्रकट हुई थी। चमत्कारी प्रतिमा के कारण ग्रामवासियों ने सबसे पहले यहां एक छोटी सी मडिया का निर्माण कराया। धीरे-धीरे भक्तों की आस्था और विश्वास के चलते इस स्थल की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई और ग्राम पंचायत के सहयोग से यहां मंदिर का भव्य निर्माण हुआ। ग्रामवासी मानते हैं कि मां चंडी की विशेष कृपा से गांव की हर विघ्न-बाधा दूर होती रहती है और ग्राम में सुख-शांति बनी रहती है। यहां मां चंडी को सिंदूर चढ़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। शारदेय नवरात्रि की पंचमी को मां चंडी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस अवसर पर दूर-दूर से भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के पुजारी पंडित राजेश तिवारी बताते हैं कि मां की कृपा से यहां अनेकों धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। दीपावली की वारस को चंडी मेले का आयोजन किया जाता है। वहीं शारदेय और चैत्र नवरात्रि दोनों अवसरों पर मंदिर परिसर में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ, कन्या भोज और विशाल भंडारा आयोजित होता है। ग्रामवासी बताते हैं कि यहां की तमाम व्यवस्थाएं मानो माता की कृपा से स्वमेव संचालित होती हैं। यही कारण है कि चंडी माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि गांव की आस्था, शांति और एकता का प्रतीक है।



## बटियागढ़ पुलिस थाना परिसर में देर रात तक चली भजन संध्या



**बटियागढ़।** पुलिस थाना परिसर में शारदीय नवरात्र पर्व की धूम है रात माता रानी के दरबार में जबलपुर से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने आकर्षको भजनों और धार्मिक गीतों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भजन संध्या देर रात तक जारी रही जिसका लोगो ने भरपूर आनन्द लेते हुए मां जगतजननी का जागरण किया। मंच पर बाल कलाकारों और बच्चो ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी। आयोजन में राज्यमंत्री लखन पटेल के पुत्र लकी पटेल, बटियागढ़ थाना प्रभारी सुधीर बेगी सहित पुलिस स्टाफ और क्षेत्र की जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## गजानन पहाड़ी पर सौंदर्यीकरण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**दमोह।** गजानन टेकरी में निर्माण कार्य में सीढी निर्माण, चेकर्स, वेब चबूतरा व संपूर्ण सौन्दर्याकरण का कार्य का 30 लाख की लागत से होगा जिसका भूमि पूजन दिनांक में सुबह 11 बजे का पूरा कार्य किया जाएगा। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश व मां संतोषी माता का पूजन अर्चन कर भूमि पूजन दमोह क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जयंत मलैया व नगर पालिका के सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के सहयोग से पूजन कार्य संपन्न हुआ। मंचासींन गजानन टेकरी के पदाधिकारी व भक्ति गणों में रमन खत्री, पं राम शंकर तिवारी, राजीव राय साब,दिलीप चौरसिया, संजय सेन पे उद्बोधन दिया मंदिर के भविष्य कार्य योजना व इतिहास को रखा। राजीव राय साब ने जो गजानन पहाड़ी के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पहाड़ी आगे व पीछे की ओर दो हाथी गजानन सीमेंट के बनाए जाने की कार्य योजना है जयंत मलैया और रमन खत्री ने अपनी बात को रखा। संजय सेन, पंडित राम शंकर तिवारी ने मंदिर के इतिहास पर जानकारी दी। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों में प्रमुख रूप से गोपाल ठाकुर पार्षद, राजन चौरसिया, नगर अध्यक्ष मंडल राघवेन्द्र परिहार, कपिल सोनी, मनीष तिवारी, श्रीमती बबली विश्वकर्मा, धीरज धारू, अजय पारोचे, इकबाल खान, रघु श्रीवास्तव, विक्की सेन, नितिन चौरसिया, संतोष रोहित, राहुल पाठक, सरजीत सिंह राजपूत, रिंकू गोस्वामी, संजय गौतम, श्याम दुबे, रफीक खान, राजा रौतेला आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व अभार मंत्री युवा नेता मोंटी रैकवार ने किया। पहाड़ी पर सभी उपस्थित जनों का आभार किया सभी गणमान्य लोगों को स्वलपाहार कराया।




## पुलिस ने फ्लेग मार्च निकाला



**हिण्डोरिया।** सन्निकट दशहरा पर्व को लेकर एसडीओपी प्रिया सिंधी एवं थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर के नेतत्व मे रेपिड एक्शन फोर्स एवं पुलिस के जवानों ने संयुक्त रुप से नगर के प्रमुख संवेदनशील मार्गों एवं दशहरा रूट पर फ्लेग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने आमजन को आगामी दशहरा पर्व पूरे अमन,शांति, सदभाव के साथ मनाने का सन्देश दिया। साथ ही अराजक तत्वों को त्योहार के दौरान किसी तरह की गैरकानूनी गतिविधियों से बचने कड़ी चेतावनी दी। एसडीओपी प्रिया सिंधी ने कहा कि सभी वर्ग के लोग पर्व शासन की गाइड लाईन का पालन करते हुये अमन शांति के साथ मनाये। फ्लेग मार्च मे बांदकपुर चौकी इंचार्ज आई. सी.राजेन्द्र मिश्रा, मगरोन थाना प्रभारी एस ओ बृजलाल पटेल, केरवना चौकी इंचार्ज एस ओ एस एन यादव, एएसआई जागेश्वर साहू उप निरीक्षक शिलाश व्ही. कुमारथाना बटियागढ़ सहित अलग अलग थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

## आयुष विभाग द्वारा किया गया योग शिविर का आयोजन

**दमोह।** आयुष विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर सेवा पखवाड़ा एवं नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में निशुल्क योग अभ्यास शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के निर्देश में डॉ. प्रियंका जैन के द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 55 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. प्रियंका जैन के द्वारा नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं में होने वाले रोग एवं उनसे बचाव के बारे में बताया गया तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। साथ ही साथ माहवारी के समय होने वाली समस्याओं एवं उनसे बचाव के तरीके के बारे में भी विस्तार से बताया गया। शिविर में योग सहायक नीलम ठाकुर एवं ज्योति चौहान की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कलावती सिंह ठाकुर का योगदान भी सराहनीय रहा।

# नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया



**सिंग्रामपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में आज नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में नियमित पठन-पाठन से हटकर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा रंगारंग एक्स्ट्रा एक्टिविटीज प्रस्तुत की गई, जिनमें गरबा और डांडिया नृत्य मुख्य आकर्षण रहे। विद्यालय के प्रांगण में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जब पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया, तो उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों के आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती और वंदना से हुई। इसके बाद क्रमशः विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य आशीष साहू ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को नवरात्रि पर्व का महत्व समझाते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में भारतीय परंपराओं और संस्कारों के प्रति आस्था एवं जुड़ाव को बढ़ाते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका नेहा राजपूत ,आर्या नेमा ,भूमि जैन ,रितु विश्वकर्मा ,प्राची मिश्रा ,नीशू साहू ,निधि राय ,सोनम पटेल ,नंदनी राजपूत ,बसुंधरा ठाकुर ,सुलेखा ठाकुर ,सुरभि ताम्रकार ,दीक्षा सेन ]अनुराधा साहू और रक्षा राजपूत का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बच्चों को नृत्य की तैयारी करवाई और पूरे कार्यक्रम का संचालन भी सुचारु रूप से किया। विद्यालय परिसर में उत्सवमय माहौल रहा और हर कोई इस रंगारंग आयोजन में डूबा नजर आया। अंत में बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया और सामूहिक गरबा नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### परिजनों व ग्रामवासियों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, एएसपी के आश्वासन पर माने

# गोली मार कर भाई की हत्या के आठ दिन बाद मंजले भाई की संदिग्ध हालत में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा,दमोह

पटेरा थाना के शिकारपुरा गांव में पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते पिछले हफ्ते एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। मृतक के मंजले भाई का शव संदिग्ध हालत में मिलने पर परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर शव रखकर प्रदर्शन किया गया। जिससे हिंडोरिया पटेरा मार्ग पर देर तक जाम के हालत बने रहे। इस दौरान एसपी से पुलिस की भूमिका की भी जांच की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है की 18 सितंबर को शिकारपुरा गांव में पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते ठेकेदार देवेंद्र लोधी की गोली मारकर निर्मम हत्या की गई थी। 26 सितंबर की शाम देवेंद्र के बड़े भाई दशरथ लोधी का शव संदिग्ध हालात में खेत में पड़ा मिला था। उसे जिला अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो ने शव लेकर गांव पहुंचने के पहले बमनपुरा तिराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते बडे भाई की हत्या के बाद मंजले भाई की भी हत्या कर दी गई है। अतः पुलिस आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके कार्यवाही करें। चका जाम प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया, तहसीलदार उमेश तिवारी, एसडीओपी हटा सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को जांच उपरांत कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उसके बाद यह प्रदर्शन समाप्त हुआ तथा शव को ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।





उल्लेखनीय है कि सरपंच आनंदी लोधी के चचेरे भाई देवेंद्र लोधी की गोली मारकर हत्या के आरोपी मोती लोधी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इस मामले में मृतक के परिजनो ने गनपत मोहित और उमेश को भी आरोपी बनाने की मांग की थी। लेकिन पुलिस द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने और कल मंजले भाई दशरथ की भी मौत हो जाने पर गुस्साए परिजनों ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर भी आरोपी पक्ष से मिली भगत एवं लेनदेन के आरोप लगाते हुए एसपी से पुलिस की भूमिका की भी जांच की मांग की है। करीब दो घंटे चले इस जाम में एएसपी श्री भदौरिया ने परिजनों की मांग न्यायालयों में कथन कराकर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की बात कही। साथ ही पुलिस पर जो उन्होने संदेह जताया है उसके विरूद्ध भी जांच कर कार्यवाही की जायेगी। एएसपी के आश्वासन के बाद जाम खुल गया व मार्ग सुचारू प्रारंभ हो गया।

### सिंह रथ पर सवार माँ कर रही राक्षसों का संहार



**हटा।** नगर में कई स्थानों पर विराजमान माता रानी के दरबार में दर्शन करने रात्रि में भक्तों का ताता लगा हुआ है। जिसमें नगर के आजाद वार्ड नाला गली दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित पंडाल में सिंह रथ पर सवार मां दुर्गा राक्षसों का संघार करते हुए माता रानी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है जो नगर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जहां रोजाना रात्रिकालीन आरती में श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे है।

## आह्लाद की निशा का दूसरा नाम कालरात्रि : श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह।** अट्टहास की अभिव्यंजना का व्यक्त रूप मां कालरात्रि एक अलौकिक शक्ति है । जिसमें समाहित रूप द्विधा ज्ञान को प्रेरित करता है एक और अज्ञान रूपी गर्दभ जिसमें मां कालरात्रि बैठ कर सवारी करती है तो दूसरा खड्ग जिससे अंधकार के संहार में शक्ति का उपयोग यह विशेषाधिकार केवल कालरात्रि को है। जहां सृजन की क्रियात्मकता गुप्त है । वहीं निशा के सुखद स्वरूप को देखने में सक्षम अधिकारी साधना के द्वार को अपनी भावनाओं से जुड़े विचारों का उपयोग सिद्धि प्राप्त करने के लिए करता है । ऐसे उद्गार श्री भगवान वेदांताचार्य जी की लेखनी से प्राप्त कर पुनः मुख्य विषय में प्रवेश करते है जहां उन्होंने बताया, कि निशा रूपी घोर अंधकार में जब प्रकाश नदारद था । एक अट्टहास के निनाद से भगवती का प्राकट्य अज्ञान रूपी अंधकार को हर लेता है । आकाश में चमत्कृत बिजली की तीव्र गति क्षण भर में दुःखी मन की वृत्तियों का



श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

वातावरण सुखमय बना देती है । यद्यपि कालरात्रि के विभिन्न आयनों में एक ओर धृति को धारण किये धर्म शोभायमान है । तो दूसरी तरफ महाकाल जो अट्टहास के निनाद का सदुपयोग अपने डमरू के माध्यम से सूत्र रचना में करते है। जिसे महेश्वर सूत्र कहते है ।

यह परब्रह्म का निनाद बनके सर्व प्रथम महर्षि पाणिनि ने सुना , आगे इन्हीं सूत्रों का आधार लेकर महान व्याकरण ग्रंथ "अष्टाध्यायी" रचा जो कि बालकों के लिए अज्ञान पर विजय प्राप्त करने में सहायक हुआ । यह गहरी बात है जिसे स्वाध्याय करने वाले ब्रह्मचारी गण काशी की गलियों में कहते और सुनते पाए जाते है । कहा जाता है कि दुर्गा ने शुंभ निशुंभ के वध के बाद रक्तबीज को मारने के लिए कालरात्रि का रूप लिया। जब भी रक्तबीज की बूंद गिरती, नया राक्षस जन्म लेता। तब माँ कालरात्रि ने उसका रक्त पी लिया और उसे नष्ट कर दिया। इस प्रकार उन्होंने देवताओं को विजय भी दिलाई। माँ कालरात्रि विनाश की देवी हैं, पर उनका उद्देश्य केवल बुराई, अज्ञान और भय का अंत करना है। वे ही वह शक्ति हैं जो मृत्यु के भय को समाप्त कर अमरत्व के मार्ग की ओर साधकों को ले जाती हैं। यदि मृत्यु अंतिम सत्य है तो जीवन प्रारंभ है सत्य के अंकुरण का जिसमें आनंद समाहित है। कहते है आवश्यकता आविष्कार की जननी है, इस नवरात्रि अपने जीवन में सत्य का संकल्प लेकर स्व से पोषित सामाजिक नव निर्माण के लिए साधना को मां कालरात्रि के सिद्धांत पर चल कर साकार कीजिए।

## पत्थर के नीचे दफन शव को पुलिस ने निकाला

**मडियादो ।** मडियादो थाना क्षेत्र की पाठा ग्राम पंचायत के बहेलिया टोला में लकड़ी न मिलने ओर ग्रामीणों द्वारा सहयोग न किए जाने के चलते पत्थर के नीचे दफन किए गए मिलन नामक युवक को पुलिस द्वारा निकालकर पीएम के लिए हटा अस्पताल भेजा गया। बजरंग दल ओर विश्व हिंदू परिषद की दखल के बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा और विधि सम्मत कार्यवाही की गई। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुलिस का सहयोग नहीं किया गया। शव को ले जाने के लिए वाहन नहीं मिला। इसके अलावा शव को पत्थर से दबे निकालने के लिए भी ग्रामीणों द्वारा सहयोग नहीं किया गया। जिसके चलते प्रधान आरक्षक अमित दुबे, आरक्षक खेमराज अहिरवार ओर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, द्वारा पत्थर हटाकर शव को बाहर निकाला गया ओर 112 के स्ट्रेचर से वाहन तक लाया गया। उल्लेखनी है कि युवक के साथ हुये बर्ताव का मामला प्रकाश में आने के बाद संगठन के पदाधिकारी विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, बजरंग दल जिला सह संयोजक अजय चौरसिया ओर प्रखंड अध्यक्ष भरत राय मौके पर पहुंचे थे। इसके अलावा प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार ओर थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग , सचिव रामकिशुन मिश्रा भी मौके पर पहुंचे। बता दे कि एक सफ्ताह पहले 45 वर्षीय मिलन नामक युवक मडियादो में सरकारी अस्पताल के सामने बने प्रतीक्षालय में दिव्यांग अवस्था में मिला था। जिसने स्थानीय ग्रामीणों को बताया था कि हटा के कुछ लोग उसे यहां देर रात छोड़ गए है। इस क्रम के अगले दिन मडियादो के कुछ लोग पाठा ग्राम पंचायत के बहेलिया टोला में मिलन के मामा मामी के घर के बाहर देर रात छोड़ गए थे। दूसरे दिन मिलन की मौत हो गई थी ।



**खास बातें**

### सीएम हेल्पलाइन के सात केस चिन्हित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा हमारा पूरा फोकस है कि सीएम हेल्पलाइन से प्रकरणों का केवल निराकरण ही ना हो उसका गुणवत्ता पूर्ण निराकरण हो। इस दृष्टि से 07 विकासखंडो से 07 केस चिन्हित किए हैं और सोमवार को इन 07 व्यक्तियों को बुलाया जाएगा। इस प्रकार से 07 विकासखंडो से 07 सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण हर सोमवार को उठाए जाएंगे और इन 07 व्यक्तियों को टीएल बैठक के समय बुलाया जाएगा और एक-एक प्रकरण पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 07 प्रकरणों की जानकारी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है, उनका दायित्व होगा कि सोमवार के दिन वह सभी प्रकरण लेकर उपस्थित हो। प्रयास होगा उनकी समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण हो जाए और यदि किसी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी ने कुछ गड़बड़ी की है तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आज निकलेगी विशाल चुनरी यात्रा

**हिंडोरिया।** नगर सेवा समिति के द्वारा आयोजित विशाल चुनरी यात्रा 28 सितंबर दिन रविवार को सुबह निकाली जाएगी सेवा समिति के प्रेम नारायण प्यासी, देव सिंह ठाकुर आदि ने बताया की विशाल चुनरी यात्रा 6:00 बजे से खिरका मोहल्ला में स्थित बड़ी देवी मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना की साथ नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बड़ी भुवन माता मंदिर प्रांगण में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना के साथ माता रानी को चुनरी चढ़ाई जाएगी नगर एवं आसपास की भक्तों से समिति की सदस्यों ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ लेवे।

### गौराबाई रजक का निधन

**दमोह।** तेंदूखेड़ा नगर निवासी पत्रकार विशाल रजक (हरिभूमि प्रतिनिधि) की दादी श्रीमती गौराबाई रजक का 72 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते शुक्रवार दोपहर ढाई बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संसकार शनिवार को वार्ड क्रमांक 5 के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें नगर के सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।



## हॉकी लीग का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय हाकी को 7 नवंबर 2025 को 100 वर्ष पूरे हो रहे है। इसी तारतम्य मे हॉकी इंडिया भारतीय खेल प्राधिकरण साई खेल यूथ वेल विभाग के दिशानिर्देशन मे एक दिवसीय बालिकाओ की हॉकी लीग का आयोजन मध्य प्रदेश के तीन जिलो को चयनित किया गया जिसमे दमोह भी शामिल है। हाकी दमोह विकास जैन ने बताया कि दिनांक 26 सितंबर 25 को स्थानीय टरफ मैदान पर बालिकाओ की हॉकी लीग का आयोजन किया गया जिसे जबलपुर की टीम वीरांगना दुर्गावती एकादश उमरिया की टीम झलकारी बाई एकादश, रानी अवंती बाई लोधी एकादश, दमोह टीम महारानी लक्ष्मी बाई एकादश से कटनी की टीम ने भाग लिया। पहले मैच मे प्राचार्य आभा नायक ने खिलाडियो परिचय प्राप्त किया। दूसरे मैच मे जिला योजना समिति सदस्य कविता राय पार्षद मिकी चंदेल अमर राजपूत मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र लोधी तीसरे मैच मे हॉकी मैदान की सौगात देने वाले पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया बेटियो को आशीर्वाद देने। अल्प समय के लिए पहुंचे आखिरी मैच मे वरिष्ठ अभिभाषक भगवती दादा अनवर भाई साहित्यकार नरेंद्र दुबे खेल अधिकारी सेफ उल्ला पहुंचे। अतिथियो का राजेश सालोमन भगवान सिंह विजय ठाकुर राजीव राजेन्द्र असार संतोष सेन विवियन इमरान तरूण अरमान चिकी आदि ने किया। हॉकी मैच के निर्णायक तरूण नामदेव विवियन राम इमरान शैलेन्द्र रियाज रहे। हॉकी लीग मुकाबले महारानी लक्ष्मी बाई एकादश वीरांगना दुर्गावती एकादश रानी अवंती बाई लोधी एकादश झलकारी बाई एकादश के सभी खिलाडियो को अतिथियो ने पुरस्कार प्रदान किए। अतिथि भगवती दादा ने इस अवसर पर खिलाडियो को नारी शक्ति से प्रेरित संस्मरण सुनाये। साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने शारदेव नवरात्र पर्व पर बेटियो को अपनी शुभकामनाये दी। हॉकी मध्य प्रदेश अध्यक्ष नितिन डिमोले, महासचिव लोकबहादुर ने भी इस अवसर पर शुभकामनाये दी। कार्यक्रम का संचालन शेख असार तथा आभार ललित नायक ने माना। साथ ही बताया कि भारतीय हॉकी सो साल पूरे होने मे हॉकी दमोह के 67 वर्ष भी शामिल है।

### 151 की धारा में जेल से निकले युवक का किया स्वागत

## विधायक के खिलाफ ओबीसी महासभा व कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा, जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में शनिवार शाम धारा 151 में 5 दिन तक जेल में बंद रहे युवक के जेल से बाहर आने पर ओबीसी महासभा एवं कांग्रेसियों ने उसका जोरदार स्वागत किया। शहर में जुलूस निकाला और हटा विधायक उमादेवी खटीक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दरअसल विगत 23 सितंबर को कुम्हारी थाने में मुहास गांव के देवकीनंदन पटेल के खिलाफ हटा विधायक से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने के मामले में धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने उसे पटेरा तहसील कार्यालय में पेश किया गया जहां पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी ने उसे जेल भेज दिया जो 5 दिन तक जेल में ही रहा शनिवार शाम जैसे ही जेल से उसकी रिहाई हुई कांग्रेस के सैकड़ो लोग उसका स्वागत करने पहुंच गए।

इस दौरान जेल से बाहर निकले युवक देवकी नंदन पटेल ने बताया कि क्षेत्र के चील घाट, पड़री, घुघरी, मगरा गांव में सड़कों की हालत काफी खराब है। कई बार मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। मैंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों से जुड़ा एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिस कारण मुझे विधायक और उनके कार्यकर्ताओं ने झूठे आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी। युवक पर आरोप है कि उसने वीडियो में हटा विधायक को जूते की माला पहनाने की बात की थी।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के सामने विधायक के खिलाफ नारेबाजी की और पटेरा तहसीलदार पर कार्रवाई की मांग कर दी। उन्होंने कहा या तो हम सभी को प्रशासन जेल में डाल दे या फिर तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई करे। इसके बाद मौके पर पहुंचे हटा एसडीएम राकेश मरकाम, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने प्रदर्शन कारियो की मांगे सुनी और उन्हें समझाने का प्रयास किया। जहां एसडीएम राकेश मरकाम ने कांग्रेसियों को बताया कि तत्काल में पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी को हटा तहसील कार्यालय में अटैच किया जा रहा है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी तब कहीं कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।और प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिवस के अंदर कार्यवाही नहीं की गई तो कुम्हारी थाने का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश लोधी, जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह लोधी, युवा कांग्रेसी नेता आनंद मोहन पटेरिया, दीपेश मोनू पटेरिया, केशव साहू के अलावा सैकड़ों महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।

## कांग्रेसियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भाजपा के वरिष्ठ नेता व मप्र के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी के ऊपर रिश्तो को लेकर की गई टिप्पणी का पूरे देश में विरोध हो रहा है। इसी कड़ी में दमोह जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने पुलिस को छकाते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गी का बीच सड़क पर पुतला दहन कर दिया। इस दौरान जलते हुए पुतले को बुझाने के लिए पुलिस को जमकर मस्ककट करना पाली तथा पुलिस और कांग्रेसियों के बीच में देर तक झड़प भी होती नजर आई। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गी द्वारा की गई टिप्पणी को अशोभनीय टिप्पढ़ी बताते नजर आए। यहां तक की इसे भारतीय संस्कृति एवं रिश्तों की मर्यादा को कलंकित करने की बात भी कांग्रेसी करते रहे ।जिलां कांग्रेस कमेटी ने इसकी घोर निन्दा करते हुए भाई बहिन के पवित्र रिश्ते पर अमर्यादित टिप्पढ़ी पूरे भारतीय नारी सम्मान का अपमान बताया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कैलाश विजयवर्गीय के इस निंदनीय कृत्य की कड़ी भत्र्सना करते हुये कहा कि जहां आज हम नारी शक्ति की उपासना कर नवरात्रि पर्व मना रहे है वहीं भाजपा के नेता नारी सम्मान के अपमान में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनु मिश्रा तथा महिला कांग्रेस के अध्यक्ष रजनी ठाकुर ने भी विजयवर्गीय की टिप्पणी को नारी सम्मान के खिलाफ अपमानजनक बताया।

### रनेह पुलिस ने 20 वर्षों से बलात्कारी फरार वारंटी को दबोचा

**रनेह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक चंदन सिंह निरंजन एवं स्टाफ ने एक और सफलता हासिल की। अपराध प्रकरण क्रमांक 84/95 धारा 376 ताहि में 20 वर्षों से फरार वारंटी मुलुआ उर्फ मूलचंद पिता गज्जू अहिरवार उम्र 50 साल निवासी बिला खुर्द थाना रनेह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। बलात्कार के वारंटी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी उप निरीक्षक चंदन सिंह निरंजन, सहायक उप निरीक्षक मुफीद अहमद खान, प्रधान आरक्षक 72 शिवराज सिंह, प्रधान आरक्षक 332 केवल नारायण मिश्रा, आरक्षक 33 श्री राम प्रजापति, आरक्षक 133 सौरभ साहू, महिला आरक्षक 826 दीपिका की अहम भूमिका रही।

## गेवलारी पुलिया पर दो ट्रकों की टक्कर,दो घायल

**बटियागढ़।** शनिवार को कानपुर से दमोह आ रहे एक ईट से भरे ट्रक के चालक ने पहले से सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे की वजह ट्रक का ब्रेक फेल हो जाना बताया जा रहा है..जिससे कानुपर से आ रहे ट्रक का अगला हिस्सा केबिन सहित पहले से खड़े ट्रक में घुस गया। जिससे चालक क्लीनर सहित तीन लोग ट्रक के केबिन में फसकर रह गए। जिनको बचाने के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे ने मौके पर जेसीबी बुलाकर रेस्क्यू कराया। ट्रक में फसे लोगों को बाहर निकलवाकर अपनी गाड़ी से बटियागढ़ की अस्पताल भिजवाया। जिससे समय रहते इलाज मिल जाने से सभी की जान बच गई तथा नवरात्र पर्व के दौरान जनहानि होने से टल गई। हादसे के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गेवलारी की पुलिया के पास दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे मौके पर पहुँचे और तुरंत जेसीबी मशीन बुलवाकर कानपुर निवासी चालक वीर सिंह क्लीनर राजन प्रजापति को बाहर निकलवाया। कटारे ने गंभीर रूप से घायल चालक क्लीनर को अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुँची और दोनों वाहनों को सड़क किनारे कराया गया। हादसे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है ट्रक के ब्रेक फेल होने की वजह से यह हादसा हुआ है।



## सिंग्रामपुर मे सड़क पर बैठे मवेशियों की दर्दनाक मौत

**सिंग्रामपुर।** शुक्रवार की रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला सिंग्रामपुर के स्टेट हाइवे पर बड़ा हादसा सड़क पर बैठे मवेशियों को एक तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार मवेशी बुरी तरह से घायल हो गए, जिनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने घायल अवस्था में रानी दुर्गावती पार्क के पास अंतिम सांस ले रही हे। ग्रामीणों का कहना है कि सिंग्रामपुर में लंबे समय से आवारा मवेशियों की समस्या बनी हुई है। मवेशी अक्सर सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे आए दिन वाहन चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिंग्रामपुर में अभी तक कोई गोशाला संचालित नहीं हो पाई है, जिसके चलते मवेशियों को सड़क पर ही खुले में घूमना और बैठना पड़ता है। इसका खामियाजा न सिर्फ मासूम मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी गोशाला की व्यवस्था करने और आवारा मवेशियों को सुरक्षित ठिकाने पर रखने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### मानस भवन के समीप 26 कार्टून पटाखे जप्त

**दमोह ।** मानस भवन के समीप महावीर ट्रांसपोर्ट दमोह से 26 कार्टून पटाखे जप्त किए गए। इस सबंध में तहसीलदार रॉबिन जैन ने बताया कि महावीर ट्रांसपोर्ट दमोह में उक्त सबंध में दस्तावेज मांगने पर बिल प्रस्तुत किया गया जिसमें आरके ट्रेडर्स भोपाल का बिल प्रस्तुत किया गया जो कि संजय खटीक के नाम का होना पाया गया। इस सबंध में तहसीलदार श्री जैन ने आगे बताया कि उक्त समस्त पटाखे के कार्टून को पुलिस के समक्ष जप्त कर कोतवाली में रखा गया हैं, जहां पुलिस द्वारा आगे कार्रवाही की जा रही हैं।